# हथियार दिखाकर लूट-डकैती और नकबजनी करने वाली गैंग का सरगना पुलिस गिरफ्त में

## पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों की नोक पर लूट-डकैती और नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाले कुख्यात अन्तर्राज्यीय गिरोह के सरगना घनश्याम उर्फ श्याम बावरी (67) निवासी कादर चौक जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) को पकड़ा है। गिरफ्तार बदमाश डकैती के आठ साल पुराने मामले में पच्चीस हजार का इनामी है। जिसे टीम ने उसके गांव से दस्तयाब कर थाना गोठन नागौर को सुपुर्द कर दिया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ और अपराध ) दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर घनश्याम उर्फ श्याम बावरी और इसके साथियों ने साल 2016 में गोठन थाना क्षेत्र के जाटान इंदौकियावास में सशस्त्र डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इनके द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला व पुरुष गंभीर घायल हो गए थे।

मामले में गिरफ्तार सरगना घटना के वक्त से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए नागौर पुलिस द्वारा पच्चीस हजार का इनाम घोषित कर रखा है।



पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया।

एडीजी एमएन ने बताया कि एजीटीएफ लंबे समय से अपनी पहचान छुपाते हुए संगठित गिरोह के सरगना एवं सदस्यों के संबंध में आसूचना संकलन कर रही थी। वहीं बावरिया गिरोह का सरगना घनश्याम उर्फ श्याम बावरी पिछले आठ सालों से पुलिस को चकमा देकर अलग-अलग स्थानों पर फरारी काट रहा था। आपराधिक गिरोहों के बारे में जानकारी जुटा रही टीम को आसूचना संकलन के दौरान टीम को इसके गांव में ही होने की पुख्ता सूचना मिली। इस पर स्थानीय पुलिस को साथ ले टीम ने गांव में दबिश देकर बड़ी मुश्किल से इस पर काबू पाया। जिसे राजस्थान लाकर टीम ने अग्रिम कार्रवाई के लिए गोठन पुलिस को सौंप दिया गया है।

- **गिरफ्तार बदमाश डकैती के आठ साल पुराने मामले में 25 हजार का इनामी है। आरोपी के खिलाफ लूट-डकैती, नकबजनी के एक दर्जन आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।**
- **यह गैंग दिन के समय में कपड़े की फेरी लगाकर रैकी करते और रात के अंधेरे में हमला कर लूटपाट करते थे**

आरोपित घनश्याम उर्फ श्याम बावरी अन्तर्राज्यीय बावरिया गिरोह का सरगना है। इसके विरुद्ध नागौर जिले के इसके विरुद्ध नागौर जिले के थाना गोठन, मेड़ता सिटी एवं बिहार के सीतामढ़ी जिले के विभिन्न स्थानों में लूट, डकैती, नकबजनी के अलावा हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के ग्यारह मुकदमे दर्ज हैं। गोठन पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसमें फरारी के दौरान की गई वारदातों का खुलासा हो सकता है।

इनका गिरोह दिन में कपड़े बेचने के बहाने फेरी लगाकर मकान एवं दुकानों की रैकी कर चिन्हित करते। रात के समय अवैध हथियारों के साथ धावा बोल वारदात को अंजाम देते हैं। विरोध करने पर ये फायरिंग कर डरा धमका कर गंभीर तरीके से मारपीट किया करते हैं।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, एएसआई दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह एवं महेंद्र सिंह की विशेष भूमिका तथा कांस्टेबल संजय का तकनीकी सहयोग रहा।

## यातायात प्रबंधन समिति की बैठक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जिला कलक्ट्रेट में बुधवार को जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाने के निर्देश दिये गए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर जारी फ्लाईओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, तेज गति से वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गए।

बैठक में प्रोटेक्शन डिवाइस, राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, रिफलेक्टिव टेप इत्यादि नियमों के उल्लंघन के खिलाफ नियमित प्रवर्तन कार्यवाही पर भी चर्चा की गई। जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर विनिता सिंह, पुलिस विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और मुस्कान फाउंडेशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### स्नेह मिलन में जुटे सैकड़ों जलदायकर्मी



**जयपुर** । जलदाय विभाग की प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक जिला जयपुर के तत्वाधान में जिला कार्यालय में दीपावली स्न्हे मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस मौके सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने भाग लिया।संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, वृत अध्यक्ष मोहनलाल पालीवाल, यूथ अध्यक्ष विनोद मीणा, खण्ड अध्यक्ष विमलेश पारीक, कार्यलय मंत्री जगदीश गुप्ता और प्रभु शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली स्न्हे मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने भाग लिया और अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया। इस मौके कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत व मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश पारीक ने तकनिकी कर्मचारियों को दुपट्टा पहनाकर संम्मानित किया।

### पर्यावरण संरक्षण अभियान का समर्थन



विधायक अमृता मेघवाल के साथ कर्मचारी नेता महेंद्र शर्मा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के तत्वावधान में प्रदेश भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए 1 करोड पेड़ लगाये जाने का मिशन चलाया जा रहा है। मिशन के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आयु की संख्या के बराबर पेड लगाये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है, ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सकें। जन-जन तक यह संदेश पहुंचाने के लिए जलदाय विभाग के कर्मचारी नेता महेन्द्र शर्मा द्वारा आम जनता के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया जा रहा है। जिसके तहत पूर्व विधायक जालौर से मुलाकात कर सहयोग का आव्हान किया गया। इस मौके पर अर्थसन फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित पाराशर, राजस्थान सांस्कृतिक युवा मंच के अध्यक्ष भरतसिंह राजावत, श्रवण जाट सनएनमून ,भाजपा आईटी विभाग प्रदेश संयोजक गणेश शर्मा, विकाश शुक्ला जी भी मौजूद रहे तथा मिशन में हर तरह से सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमृता मेघवाल का जन्म दिन होने के कारण महेन्द्र शर्मा सहित अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उन्हे पुष्प-गुच्छ भेट कर उनकी दीर्घायु होने एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

### कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ युवाओं के संग देखेंगे ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म

**जयपुर** । कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ बुधवार को युवाओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखने जाएँगे। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। यह फिल्म गोधरा में जो घटना घटी थी उसके बारे में सच्चाई बयां करती है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जनता से अपील की कि वह अपने परिवार के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म जरुर देखने जाएं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार द्वारा द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को टैक्स फ्री करने का फैसला अत्यंत प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार एवं दर्शकों को बधाई। यह अभूतपूर्व निर्णय समाज में जागरूकता और सशक्तिकरण का संदेश फैलाने में मदद करेगा।

### अपहरण कर फिरौती मांगने वाले पकड़े

**जयपुर** । कालवाड़ पुलिस ने युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल बरामद की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों को पकड़ने में सफल रही है। थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि अपहरण फिरौती मांगने के मामले में आरोपित प्रभुदयाल उर्फ बाबू शूटर व आसीन खान को किया गिरफ्तार। पुलिस इस मामले में फरार गज्जू बन्ना और राहुल की तलाश कर रही है। यह मामला चार दिन पुराना है। गौरतलब है कि खातियों का मोहल्ला भम्भौरी निवासी श्रवण कुमार ने मामला दर्ज करवाया था कि वह बाजार गया था वहां पर कार लेकर बाबू शूटर, आसीन खान, गज्जू बन्ना और राहुल आए। आरोपियों ने उससे अकेले में बातचीत करने को कहा और कुछ दूर लेकर जाकर उसे कार में जबरन पटक कर ले गए। रास्ते में आरोपियों ने उससे पचास हजार रुपए की फिरौती मांगी। इस पर पीड़ित ने परिजनों से बातचीत कर खुद के मोबाइल में ऑनलाइन दस हजार रुपए डलवाए। एक स्थान पर पहुंचकर बदमाशों ने उसके मोबाइल से ऑनलाइन किसी को पेमेंट कर नकदी ले ली और कार में पेट्रोल पंप से तेल भरवा लिया। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गए और मारपीट कर पटक गए। आरोपियों ने उसे घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया।

### पड़ौसी ने की युवक से मारपीट

**जयपुर** । आदर्श नगर थाना इलाके में पडौसी द्वारा एक युवक से मारपीट कर गला दबाने का मामला सामने आया है। लोगों के बीच-बचाव करने पर युवक की जान बच पाई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी सुरेश अरोड़ा ने मामला दर्ज करवाया कि 15 नवम्बर को एक महिला के चीखने की आवाज सुनकर वह जागे। आरोप है कि मामले को जानने के लिए जाने पर आरोपी पड़ोसी राम गोयल, मुकेश और गौरी शंकर ने घेर लिया। बिना किसी बात के गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। जान से मारने के लिए गला दबाकर उन्हें नीचे गिरा दिया। सोसाइटी के अन्य लोगों के बीच-बचाव करने आकर सुरेश की जान बचाई। जैसे-तैसे आरोपियों से बचने के बाद भी वह उसे जान से मारने की धमकी देते रहे।

### 10वां जयपुर फोटो जर्नलिज्म सेमिनार

**जयपुर** । अगली पीढ़ी के फोटो जर्नलिस्टों को प्रेरित करने और शिक्षित करने के उद्देश्य से, इमेजिन फोटो जर्नलिस्ट सोसाइटी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 10वें जयपुर फोटो जर्नलिज्म सेमिनार का आयोजन किया। एक दिवसीय इस सेमिनार में फोटो जर्नलिज्म, मीडिया और राजनीति, आदि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया और जयपुर के विभिन्न संस्थानों से आए मीडिया स्टूडेंट्स के साथ फोटो जर्नलिज्म साक्षरता पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। सेमिनार में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित पेशेवरों में वरिष्ठ मीडियाकर्मी श्री रोहित परिहार, अंतर्राष्ट्रीय फोटो जर्नलिस्ट श्री पुरुषोत्तम दिवाकर, बनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रोफेसर ईना शास्त्री, लम्बी अहीर ग्राम की सरपंच नीरू यादव, आईओएम-यूएन माइग्रेशन के प्रमुख संजय अवस्थी, बनस्थली विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केंद्र के निदेशक अंशुमान शास्त्री, हिंदी कवि और अभिनेता रवि यादव, केयर्न ऑयल एंड गैस के महाप्रबंधक अयोध्या प्रसाद गौड़, वीणा म्यूजिक के निदेशक हेमजीत मालू, और एमिटी विश्वविद्यालय के डीन और पब्लिक रिलेशंस के निदेशक प्रोफेसर सचिन बत्रा शामिल थे। सेमिनार की शुरुआत में मुख्य अतिथि रोहित परिहार ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा किया। परिहार ने कहा कि ''फोटो जर्नलिज्म केवल पिक्चर को कैप्चर करने की क्रिया नहीं है। यह प्रभावशाली ढंग से कहानी प्रस्तुत करने और वास्तविकता के मध्य एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करती है। युवा मस्तिष्क के लिए, फोटो जर्नलिज्म आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है और सहानुभूति को विकसित करती है। यह हाशिए पर पड़ी आवाजों को मुखर करने, ऐतिहासिक क्षणों को संकलित करने और सार्थक बदलाव को प्रेरित करने का अवसर भी प्रदान करती है, जो और अधिक सूचित और सहानुभूतिपूर्ण समाज के निर्माण में आवश्यक योगदान को रेखांकित करती है।''

## विश्व बंधुत्व को बढ़ावा दे रहा सिंधी समाज : देवनानी

**जयपुर** । विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी का बुधवार को जापान के टोक्यो में सिंधी समाज द्वारा सम्मान किया गया। टोक्यो में आयोजित एक भव्य समारोह में देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज पुरुषार्थी समाज है। सिंधी समाज के लोगों ने पूरे विश्व और भारत राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दिया है। सिंधी समाज के लोगों ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा से संसार के विभिन्न देशों में भारत का परचम लहराया है। विदेशों में भी अपनी मेहनत के बल पर सिंधी समाज ने विशिष्ट पहचान बनाई है। देवनानी ने कहा कि सिंधी भाषा का साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है।

समारोह में भारतीय मूल और जापान के अनेक गणमान्य नागरिकगण की मौजूदगी में देवनानी ने कहा कि विश्व में अनेक देशों में भारत के लोगों ने अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। विभिन्न राष्ट्रों में भारतीय विश्व बंधुत्व की भावना से कार्य कर रहे हैं। अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञ भारतीयों ने अनेक राष्ट्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करके राष्ट्र का मान बढाया है। देवनानी को टोक्यो में रह रहे सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि समाज के लोग जापान के विभिन्न क्षेत्रो में सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। समाज द्वारा टोक्यो में झूलेलाल मंदिर का निर्माण भी कराया जा रहा है। इस मौके पर टोक्यो में रहे रहे समाज के कमल टिलवानी, अनूप दरयानी, राजेश, सारिका, मुखी, रंगयानी सहित अनेक लॉग मौजूद थे।

समारोह में अभिनन्दन के बाद देवनानी भारत के लिये रवाना हो गये। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवनानी का रात्रि 8 बजे दिल्ली पहुंचने का कार्यक्रम है। जहां से वे रात्रि 9 बजे इण्डिगो वायुयान से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और 10 बजे जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे।

## शिक्षा विभाग में 11911 कार्मिक पदोन्नत हुए

**जयपुर** । शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा विभाग में शीघ्र सभी पदोन्नित (डी.पी.सी.) करने के निर्देशों के बाद आज विभाग में 11911 कार्मिकों की पदोन्नित सूची जारी की गई। आज जारी की गई पदोन्नित सूची में 88 उपाचार्य, 485 प्रधानाध्यापक, 24 उप जिला शिक्षाधिकारी, 20 पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड -1, 3564 प्राध्यापक (विभिन्न विषय) वर्ष 21-22 तथा 6966 प्राध्यापक (विभिन्न विषय ) वर्ष 22 -23 शामिल है। इसके अतिरिक्त 663 शारीरिक शिक्षक और 93 पुस्तकालय अध्यक्ष शामिल है। शिक्षा विभाग में डीपीसी पिछले काफी से समय से लंबित थी। जिसको लेकर माननीय शिक्षा मंत्री चिंतित थे तथा अधिकारियों को डीपीसी तुरंत करने के निर्देश दिए थे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा की डीपीसी की प्रक्रिया अभी रुकेगी नहीं तथा विभाग में शेष रही पदोन्नित की सूचियां भी शीघ्र ही जारी की जाएगी।

## लिव-इन-पार्टनर ने गला दबाकर की थी महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- **शराब पार्टी के बाद झगड़ा होने पर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया**

**जयपुर** । गांधी नगर थाना इलाके में एक लिव इन पार्टनर ने ही महिला की गला दबाकर हत्या की थी। शराब पार्टी के बाद झगड़ा होने पर लिव-इन पार्टनर ने प्रेमिका का मुंह बंद कर गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने मृतका के मुंह से झाग निकलते देखकर जहर खाने से मौत का ड्रामा किया था।

पुलिस ने हत्यारे प्रेमी को अरेस्ट कर लिया है। थानाधिकारी राजकुमार मीना ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी मनीष निरवान (32) निवासी झालाना डूंगरी गांधी नगर को अरेस्ट किया है। वह घर के नीचे ही किराना की दुकान करता था। पिछले करीब 4 साल से बसवा दौसा निवासी कविता बैरवा (30) के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। कविता अपने पहले पति को छोड़ चुकी थी, उसके तीन बच्चे भी उसके साथ रहते थे।

कविता और मनीष दोनों शराब पीने का शौक रखते थे। रविवार रात को भी घर पर बैठकर दोनों ने शराब पार्टी की। शराब पार्टी के दौरान पैसों की बात को लेकर कविता और मनीष में कहासुनी हो गई। मनीष के अपनी मां को पैसे देने और उसको रुपए नहीं देने की बात पर झगड़ा होने लगा। रात करीब 2 बजे झगड़ा बढ़कर मारपीट तक जा पहुंचा। शराब के नशे में कविता ने बेड पर सो रहे बेटे को लात मारकर नीचे गिरा दिया। गुस्से में मनीष ने कविता को थप्पड़ मार दिया। कविता ने बदला लेने के लिए मनीष के दो-तीन थप्पड़ जड़ दिए। गुस्से में आग बबूला मनीष ने कविता का गला पकड़ लिया। कविता के चिल्लाकर शोर मचाने पर मनीष ने उसका मुंह बंद कर गला दबाकर मार डाला। दम घुटने से कविता की मौत हो गई। हत्या के बाद कविता के शव को गद्दे पर लेटा दिया। शराब पीए होने के कारण कविता के मुंह से झाग निकले। कविता के पिता रमेश चंद को मनीष ने कॉल किया। मनीष ने कविता की तबीयत खराब होने की कहकर जल्दी आने को कहा।

पिता रमेश के आने पर कविता मृत अवस्था में घर में पड़ी थी। मनीष ने जहर खाने से कविता की मौत होने का ड्रामा किया। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में मंगलवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

हत्या के संदेह पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी मनीष निरवान को राउंडअप किया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी मनीष ने प्रेमिका कविता की हत्या करना स्वीकार किया।

## जे.डी.ए. ने नोटिस थमाया तो विवाह स्थल संचालकों ने जताया विरोध

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के विवाह स्थल संचालकों ने जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन का विरोध जताना शुरू कर दिया है। दरअसल पिछले दिनों जे.डी.ए. प्रशासन ने कुछ मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए थे, इस मुद्दे को लेकर बुधवार को जेएलएन मार्ग स्थित माधवम बैंक्वट हॉल में जयपुर विवाह स्थल समिति की आपात बैठक बुलाई गई।

जयपुर विवाह स्थल समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर माली ने बताया कि नगर पालिका एक्ट 2009 के तहत नगर निगम की उप विधियों की पालना में विवाह स्थल संचालित हैं। इसके तहत प्रतिवर्ष 60 हजार रु. लाइसेंस शुल्क, 20 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से अनुमति शुल्क, 30 हजार रु. सफाई शुल्क, 3 हजार रु. फायर एन.ओ.सी. तथा नगरीय विकास कर की राशि चुकाकर हर साल नगर निगम से लाइसेंस नवीनीकरण कराया जाता है। इसके बावजूद शादियों के सीजन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एक-एक करके विवाह स्थलों को नोटिस दिए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। जयपुर विवाह स्थल समिति की तरफ से नोटिस का जवाब दे दिया गया है, जिन-जिन विवाह स्थल को नोटिस दिया गया है उनका भी जवाब दे दिया जाएगा। अगर इसके बावजूद भी जयपुर विकास प्राधिकरण पुन: नोटिस प्रक्रिया अपनाता हैं या विवाह स्थल संचालकों पर दबाव बनाता है तो जे.डी.ए. के खिलाफ सभी विवाह स्थल संचालक लामबंद होकर प्रदर्शन करेंगे।

- **जयपुर विवाह स्थल समिति का कहना है कि नोटिस का जवाब भिजवाया जा रहा है, अगर जे.डी.ए. प्रशासन की तानशाही फिर भी कम नहीं हुई तो आगामी महीनों में होने वाली शादियां निरस्त करके और सभी विवाह स्थल बंद कर देंगे**




जयपुर विवाह स्थल समिति की आपात बैठक बुधवार को आयोजित हुई।

भवानी शंकर माली ने कहा कि अगर जे.डी.ए. प्रशासन की तानशाही फिर भी कम नहीं हुई तो आगामी महीनो में होने वाली शादियां निरस्त करके और सभी विवाह स्थल बंद कर देंगे।

समिति संरक्षक मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि समिति पदाधिकारी जयपुर के सभी विधायकों और नगरीय विकास मंत्री से मिलकर उनको भी नोटिस के बारे में अवगत करवाकर जेडीए की इस कार्यवाही को बंद करने का आग्रह करेंगे।

इस मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर्वत सिंह भाटी, महामंत्री आलोक शर्मा, कोषाध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल, जयपुर टैंट डीलर समिति के अध्यक्ष गणपत लाल राजोरिया, पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जयपुर कैटरिंग डीलर समिति के पूर्व अध्यक्ष ओम सोढानी सहित सभी जोन अध्यक्ष एवं सैकड़ों विवाह स्थल संचालक उपस्थित रहे।

## 39 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

- **जे.डी.ए. की बिना परमिशन काटी गई इन कॉलोनियों में प्रवर्तन टीम ने बुधवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई की**
- **काश्तकारों ने कृषि भूमि का रूपांतरण करवाये बिना ही राज्य सरकार को करोड़ों रु. के राजस्व का चूना लगाते हुए यह कॉलोनियां बसाने की तैयारी की थी। यहां तक कि जे.डी.ए. प्रशासन से भी कोई अनुमति नहीं ली।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के प्रवर्तन दस्ते ने 39 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं। काश्तकारों ने कृषि भूमि का रूपांतरण करवाये बिना ही राज्य सरकार को करोड़ों रु. के राजस्व का चूना लगाते हुए यह कॉलोनियां बसाने की तैयारी की थी। यहां तक कि जे.डी.ए. प्रशासन से भी कोई अनुमति नहीं ली।

उपमहानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन 11 के स्थित ग्राम ग्राम पवालियां में करीब 20 बीघा कृषि भूमि पर ''वृन्दावन विहार'' कॉलोनी बसाने की कोशिश थी। काश्तकारों ने जमीन को रातोंरात समतल करके यहां मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, प्लॉट्स की बाउंड्रीवाल, सीमेंट के ट्री गार्ड, पत्थर-बजरी डालकर अवैध कब्जा कर लिया था। इसी तरह जोन-12 में कालवाड़ रोड स्थित भंभौरी गांव में खसरा नं. 419 की 7 बीघा कृषि भूमि पर भी ''श्याम सिटी तृतीय'' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही थी। यहां भी अवैध तरीके से कई निर्माण कर लिए गए थे। इसके अलावा बिन्दायिका-बेगस रोड पर स्थित ग्राम हिम्मतपुरा में 4 बीघा कृषि भूमि पर भी इसी तरह कॉलोनी काटी गई थी। इसके अलावा बगरू-बेगस रोड पर ही 8 बीघा कृषि भूमि पर ''नेचर फार्म'' के नाम से कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। जेडीए की प्रवर्तन टीम ने सभी जगहों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। कैलाश विश्नोई ने बताया कि प्रवर्तन टीम ने गोनेर में करीब 1 कि.मी. तक रोड सीमा के दोनों तरफ करीब 50 स्थानों पर अवैध कब्जा-अतिक्रमण हटाया।

## '100 करोड़ की लागत से बीकानेर में छात्रा सैन्य अकादमी खुलेगी'

- **इसके लिए बुधवार को कलकत्ता में श्रीराम नारायण चेरिटेबल ट्रस्ट और शिक्षा विभाग के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश हैं कि प्रदेश के सभी संभागों में सैनिक स्कूल खोले जाए : शिक्षा मंत्री मदन दिलावर**

**जयपुर/कलकत्ता** (कासं)। ''राइजिंग राजस्थान समिट'' में निवेश के लिए कलकत्ता दौरे पर पहुंचे शिक्षा पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को दूसरे दिन भी उद्योगपतियों और राजस्थान मूल के व्यवसायियों से मुलाकात की तथा शिक्षा विभाग में निवेश को लेकर चर्चा की।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के प्रयासों से राजस्थान के बीकानेर जिले के जयमल सर गांव में श्रीराम नारायण राठी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छात्राओं के लिए सैन्य एकेडमी की स्थापना की जाएगी। सैन्य एकेडमी के निर्माण में श्रीराम नारायण राठी ट्रस्ट 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सैनिक अकेडमी की स्थापना के लिए बुधवार को कलकत्ता की होटल ताज में आयोजित समारोह में श्रीराम नारायण चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पूनम चंद राठी तथा शिक्षा विभाग के निदेशक माध्यमिक आशीष मोदी ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान शूरवीरों की भूमि है यहां के युवा देशभक्ति के लिए मर मिटने का जज्बा रखते हैं और सेना में अधिक से अधिक संख्या में भर्ती होते हैं। प्रदेश में अच्छे सैन्य स्कूल खोलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का निर्देश है कि प्रदेश के सभी संभागों में सैनिक स्कूल खोले जाए। हम मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर संभाग मुख्यालय पर सैनिक स्कूल खोलना चाहते हैं तथा वैदिक ज्ञान देने के लिए वैदिक पाठशालाओं की स्थापना करना चाहते हैं। हमारी बहनें सेना में जाकर अपनी योग्यता, शौर्य और साहस का अतुलनीय परिचय दे रही हैं। ऐसे में यदि छात्रा सैनिक स्कूल खोले जाए तो हर गांव की बहन बेटी को सेना में जाकर दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने और अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। सैनिक अकादमी खोलने में हमे भामाशाहों और दानदाताओं का सहयोग चाहिए।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आव्हान पर श्री राम नारायण राठी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पूनम चंद राठी ने बीकानेर जिले के जयमालसर गांव में सैनिक स्कूल छात्रा खोलने की घोषणा की। जिस पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही कर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। बीकानेर जिले के ही पांचो गांव में सेठ शंकर लाल चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता द्वारा 10 करोड़ का निवेश कर एक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का भवन वह एक महाविद्यालय भवन बनाए जाने की सहमति रखी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकरलाल ने बताया कि वह पंचू गांव में राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का भवन बनाकर देंगे जिसकी लागत 5 करोड रुपए होगी। इसकी अतिरिक्त राज्य सरकार पांचू में राजकीय महाविद्यालय खोलती है और जमीन उपलब्ध कराएगी तो उनके ट्रस्ट द्वारा राजकीय महाविद्यालय का पूरा भवन बनाकर सरकार को दिया जाएगा।